# न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

अपील / आरटीआई / 96 / 2020

गोपीराम अग्रवाल ,आर0टी0आई0 रिसर्च सेन्टर, बांसवाड़ा (राज0)।

**बनाम**

प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर ।

**अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005**

## आदेश

**दिनांक 15.12.2020**

अपीलार्थी की यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रस्तुत हुई है। प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि अपीलान्ट गोपीराम अग्रवाल आर0टी0आई0 रिसर्च सेन्टर, बांसवाड़ा (राज0) ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत जरिये प्रार्थना पत्र दिनांक 21.09.2020 प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर से सूचना चाही गई थी । प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । इस कार्यालय के पत्र क्रमांक / कोर्ट / 792 दिनांक 04.12.2020 के द्वारा प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर से अप्रार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने बाबत रिपोर्ट तलब की गई। इस संबध में प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर से उनके पत्र क्रमांक / 11330 दिनांक 10.12.2020 के द्वारा जबाब प्राप्त हुआ जो शामिल मिसिल किया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी ने अपील में कथन किया है कि आरटीआई के तहत चाही गई सूचनाऐं प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर ने उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। अपीलान्ट ने प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर से सूचनांऐं उपलब्ध कराये जाने की प्रार्थना की है । प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर से प्राप्त जबाब पत्र क्रमांक 11330 दिनांक 10.12.2020 का अवलोकन किया गया। पत्र के अवलोकन से यह जाहिर है कि अपीलार्थी को समस्त सूचनांऐं उपलब्ध करा दी गई हैं। प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर ने अपने जबाब की ताईद में पत्र क्रमांक 10506 दिनांक 04.11.2020 की प्रति भी भिजवाई गई है। रेस्पो. ने अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी हैं।

अस्तु अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है । निर्णय की प्रति अपीलार्थी को ( प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर से प्राप्त पत्रादि की प्रति संलग्न कर) प्रेषित की जावे। निर्णय की प्रति प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर को भी भेजी जावे।

Signature Not Verified

Digitally signed by Nathmal Didel
Date: 2021.02.26 15:25:44 IST
Reason: SelfAttested

(नथमल डिडेल)
जिला कलक्टर
भरतपुर